शासकीय नर्सिंग कॉलेज से अब कर सकेंगे एमएससी

छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 30 अप्रैल। बस्तर में बीएससी नर्सिंग का कोर्स करने वाली छात्राएं अब बस्तर में ही रहकर एमएससी का कोर्स भी कर सकेगी। जगदलपुर के इकलौते सरकारी नर्सिंग कॉलेज ने एमएससी की पढ़ाई शुरू करवाने के लिए सारे मापदंड पूरे कर लिए है। जिसके बाद इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली आईएमसी ने तीस सीटों पर एमएससी नर्सिंग की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी है। जिसके आधार पर छत्तीसगढ हेल्थ साइंस एंड आयुष विश्वविद्यालय ने जगदलपुर के सरकारी नर्सिंग कॉलेज को पढ़ाई शुरू करवाने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही इस नए शिक्षा सत्र सें अब यहां एमएससी की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इस कोर्स को करने के लिए पहले बस्तर से रायपुर जाना पड़ता था और दो सालों

तक रायपुर या अन्य शहरों में ही रहकर इसकी पढ़ाई करनी पड़ती थी। वहीं प्राईवेट नर्सिंग कॉलेज में कोर्स के लिए पांच लाख रुपए लगते हैं एमएससी के लिए तीस सीटों की मान्यता मिलने के साथ ही छात्राओं को एक बड़ी राहत यह कि अब उन्हें इस कोर्स के लिए लाखों रूपए खर्च नहीं करने पड़ेगें। प्राईवेट कॉलेज में पढ़ाई एवं रहने खाने व अन्य खर्च मिलाकर करीब पांच लाख रूपए खर्च पड़ते हैं। लेकिन सरकारी कॉलेज को मान्यता मिलने के बाद महज 34 हजार रूपए में छात्राए नर्सिंग के क्षेत्र में पोस्ट ग्रेज्युट हो सकेंगी।

पांच विषयों में कर सकेगे एमएससी नसिंग

तीस सीटों की मान्यता के बाद सरकारी कॉलेज में चाईल्ड हैल्थ नर्सिंग, मेंटल हेल्थ नर्सिंग, मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग, ओपीसी नर्सिंग, कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग जैसे विषय में पीजी की पढ़ाई होगी। इसके अलावा यहां पहले से ही 60 सीटों पर बीएससी की पढ़ाई तो चल रही है।

सरकारी नर्सिंग कॉलेज में एमसएसी की पढ़ाई शुरू करवाने के लिए आईएमसी के मापदंडों को पूरा करने में तीन साल का समय लग गया। भवन निर्माण के बाद यहां खाली पड़े पदों पर भर्ती करवाई गई। डीएमई डॉ एके चंद्राकर ने व्यक्तिगत तौर पर रुचि लेकर कोर्स शुरु करवाने में सहयोग दिया। इस कॉलेज में करीब 24 व्याख्याता व प्रोफेसर हैं। प्राचार्य सपना ठाकुर ने बताया कि नार्म्स पूरे होने के बाद आईएमसी को मान्यता के लिए पत्र भेजा गया था। निरीक्षण की कार्रवाई पूरी होने के बाद मान्यता मिली। बस्तर के लिए यह बड़ी उपलब्धि हैं। आने वाले दो सालों में हम विशेषज्ञ नर्स बस्तर को देंगे।

जगदलपुर। नगर के इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बस्तर हाई स्कूल, महारानी लक्ष्मीबाइ कन्या उमा शाला परीक्षा केन्द्रों में एसएससी परीक्षा का आयोजन किया गया। तीनों परीक्षा केन्द्रों में दो पालियों में परीक्षा आयोजित हुई। प्रथम पाली में बस्तर हाई स्कूल परीक्षा केन्द्र में 432 में से 171 परीक्षार्थी शामिल हुए। एमएलबी में 432 में से 132 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसी तरह दुसरी पाली में भी परीक्षार्थियों की संख्या काफी कम थी। कुल 2592 परीक्षार्थियों में से एक तिहाई से भी परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

प्रशासन ने रूकवाया नाबालिग का बाल विवाह

मनेन्द्रगढ़, 30 अप्रैल। प्रशासन की सक्रियता एवं जागरूकता की वजह से शनिवार को एक नाबालिग की शादी प्रशासन द्वारा रूकवा दी गई। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने वधु पक्ष को बाल विवाह को कानूनन अपराध बताते हुए विवाह नहीं करने की समझाइश दी। f

पछले एक पखवाड़े में बाल विवाह रूकवाने का यह दूसरा मामला है। इसके पूर्व आदर्श ग्राम पंचायत पेंड्री में बाल विवाह रूकवाया गया था।

भले ही बाल विवाह को कानूनी मान्यता नहीं दी गई हो और यह कानूनन अपराध भी है। इसके बाद भी दूर-दराज गांवों में जागरूकता के अभाव में परिजन बाल विवाह करा रहे हैं। थानांतर्गत ग्राम पंचायत बौरीडांड़ निवासी सहदेव की नाबालिग पुत्री का विवाह शनिवार को पाराडोल में होना तय किया गया था। पिछले दो-तीन दिनों से घर में शादी की जोर-शोर से तैयारियां की जा रही थी। इस बीच प्रशासन को नाबालिग का विवाह होने की सूचना मिली।

समय रहते सूचना मिलने पर तहसीलदार रवि राही, महिला बाल विकास की पर्यवेक्षक अफरोज कुरैशी एवं पुलिस बल ने बौरीडांड़ पहुंचकर घर वालों को समझाइश दी। अधिकारियों ने बताया कि विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 व लड़के की 21 वर्ष होना जरूरी है। बाल विवाह सामजिक बुराई नहीं, बल्कि कानूनन अपराध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर-वधु के माता-पिता, सगे-संबंधी, बाराती, यहां तक की विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्रवाई हो सकती है। अधिकारियों की समझाइश पर लड़की के माता-पिता ने विवाह योग्य उम्र होने के बाद ही शादी किए जाने की लिखित में सहमति प्रदान की।

स्थानीय साहित्यकारों की किताबों का विमोचन

बस्तरपाती साहित्य एवं कला समाज का आयोजन

छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 30 अप्रैल। बस्तरपाती साहित्य एवं कला समाज के तत्वाधान में रविवार को स्थानीय महावीर भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में बस्तर क्षेत्र के कहानीकारों द्वारा रचित कहानी घोंसला और घर, संग्रह सुनहरी धुप, कक्षा कुंज, रिश्तो की महक और कविता संग्रह महुआ मंजरी किताबों का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता रूकमणि आश्रम सेवा संस्थान की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुति के साथ हुआ। उपस्थित अतिथियों के हाथों डॉ शैल चंद्रा द्वारा रचित लघुकथा संग्रह घोंसला और घर सनद जैन द्वारा रचित लघुकथा संग्रह सुनहरी धुप कहानीकार पद्मश्री धरमपाल सैली, किरणलता वैदय, खुदेजा खान, करमजीत कौर, महेश्वर नारायण सिंहा और सनद जैन द्वारा रचित कहानी संग्रह कथा कुंज और पुर्णिमा विश्वकर्मा द्वारा रचित कहानी संग्रह रिश्तो की महक और शकुन्तला शैण्डे द्वारा रचित कविता संग्रह महुआ मंजरी का विमोचन किया गया। विमोचन के अवसर पर इन कृतित्व पर साहित्यकार जयचंद्र जैन, रऊफ परेवश, योगेन्द्र राठौर, हिमान्शु शेखर झा, बीएनआर नायडु, किरणलता वेद्द, पुर्णिमा विश्वकर्मा, अवध किशोर शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। महेश्वर नारायण सिंहा ने साहित्य एवं वर्तमान परिवेश पर विशेष वक्तव्य प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम का संचालन सनद जैन ने तथा आभार प्रदर्शन नरेन्द्र पाढ़ी ने किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मेगा काव्यगोष्ठि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ बीएल झा, उर्मिला आचार्य, ऋषि शर्मा, नूर जगदलपुर, शरदचंद्र गौर, प्रदीप कुमार पांडे, खुदेजा खान, विपिन बिहारी दास मंचस्थ थे। काफी संख्या में साहित्य प्रेमीगण उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

निशुल्क जयपुर पैर शिविर का कार्यक्रम संपन्न

जगदलपुर, 30 अप्रैल। रोटरी क्लब जगदलपुर एवं विनय मित्र मंडल के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क जयपुर पैर शिविर का आयोजन 29 एवं 30 अप्रैल को रोटरी भवन जगदलपुर में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 75 मरीजों ने अपना जांच करवाया। जिसमें 55 मरीजों को पैर लगाने में सक्षम पाया गया। इस शिविर में नारायणपुर, पखांजुर, कोंडागांव, भानपुरी, सुकमा, बीजापुर, बचेली, दंतेवाड़ा व कोटपाड़ सभी जगह के मरीजों ने इसका लाभ लिया। विगत 20 दिनों के अंदर इनके सभी के नए पैर वितरित किये जायेंगे। यह जानकारी रोटरी अध्यक्ष संजय बथवाल ने दी।

मटन-चिकन ठेला, बस स्टैंडवासियों में आक्रोश

नारायणपुर, 30 अप्रैल। जिले अंतर्गत पुराना बस स्टैंड में मैन रोड किनारे मिट-चिकन का ठेला लगने से पुराने बस स्टैंड वासियों में समस्याओं को लेकर आक्रोश है। जिससे मेन रोड से गुजरने वाले राहगिरों को भी परेशानी होती हैं। इस विषय में नगर पालिका सीएमओ एलएमपी सिंह को कई बार शिकायत किया जा चुका है। परन्तु शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं किया। सुराज अभियान में भी इस समस्या को लेकर आवेदन किया गया है। जिसका निराकरण न होना और नगर पालिका द्वारा सुस्त रहना समझ से परे है।

नि:शुल्क ट्यूशन क्लास के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

बचेली, 30 अप्रैल। सतनामी समाज द्वारा विगत तीन वर्षो से नि:शुल्क ट्यूशन गरीब बच्चो को पढ़ाया जा रहा है। जिसमे बच्चों ने बेहतरीन सफ्लता हासिल की है। कक्षा 8वीं में कुमारी गीता साहु ने 87 प्रतिशत अंक के साथ दंतेवाड़ा जिला में 8वॉ स्थान प्राप्त किया है। कुल 26 बच्चे प्रथम स्थान में उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 6वीं व 8वीं में कुमारी लाडो ने 84 प्रतिशत, कु. दीपिका 75 प्रतिशत, नाजिया 72, रागिनी 79, सौरभ 76, पवन सोनीवानी 73.22, हिमांशी साहु 90.6, शिवम साहु 96, पुष्पलता निषाद 79, अंकेश कर्मा 77.7, अदित्य वर्मा 76, रिंकी 58, माला मंडल 73.8, शिवम कोरोटी 76.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इन सभी को एनएमडीसी बचेली के अधिशासी निदेशक ए.के. शुक्ला एवं तेजस्वनी महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती डॉ अनिता शुक्ला ने सतनाम भवन पहुँचकर बच्चो को मनोबल बढ़ाया और सभी बच्चों को उज्वल भविष्य की कामना की। समाज के अध्यक्ष भरत राम धृतलहरे एवं सचिव जागेश्वर प्रसा ने बताया कि अगले शैक्षणिक सत्र के लिए ट्यूशन कक्षा शीघ्र आरंभ किया जायेगा और कहा कि यह कार्य समाज के सभी सदस्यो के सहयोग से संभव हो पा रहा है।

1.80 किमी के लिए 26.50 लाख की बीटी पुनर्निर्माण का भूमिपूजन

ग्राम पंचायत परपा के ग्रामीणों से मिले-बाफना

छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 30 अप्रैल। 2000 की जनसंख्या वाली ग्राम पंचायत परपा के रेल्वे कॉलोनी पारा, कोटवार पारा, स्कूल पारा, डोंगरी पारा, मुरीया पारा, पटेल पारा कुल 6 पारा में पहुंच विधायक संतोष बाफना ने ग्रामीणों की बात सूनी। पेयजल, विद्युत और आवास से संबंधित मांग को विस्तार पूर्वक सूना। श्री बाफना ने कहा कि आपकी जायज मांगों को सूनने व देखने के लिए अपने निजी कार्यक्रम के तहत आपके विधायक आपके द्वार को लेकर आपके बीच आया हूं। इसी कार्यक्रम के बीच एनएच 16 को जोड़ने वाली परपा खासपारा से कुल 1.80 किमी की बीटी रीनीवल सड़क का 26.50 लाख रूपए से स्वीकृत कार्य का भूमिपूजन किया। इसके अतिरीक्त प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 36 हितग्राहियों को गैस वितरण एवं 70 संगठित कार्मकारो का पंजीयन बीमा कार्ड भी हितग्राहियों को प्रदान किया।

प्रधानमंत्री आवास के संबंध में ग्रामीणों से

कहा कि इसके लिए पैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देगें, किन्तु पात्र-अपात्र का चयन आप के ही पंचायत से होगा। सरकार की योजनाओं का संचालन के लिये भी नियम और कानून होता है उसी के तहत लोगों को लाभ मिलता है। कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि हर घर में पीने का पानी पहुंचे यही संकल्प लेकर निकला हूं। और यह संकल्प हर हाल में पूरा होगा, यह विश्वास दिलाता हूं। रही विद्युत की समस्या 2018 से पूर्व यह भी पुरा हो जायेगा। इन दो कामों के होने के पश्चात ही मैं पुन: तुम्हारे बीच आउंगा। हमारी सरकार बीना भेदभाव के काम करने वाली सरकार है। समझ और समग्र विकास के साथ काम करने वाली सरकार आज राज्य ही नहीं अपितु दिल्ली और पूरे हिन्दुस्तान में अपना जनमत विश्वास कर रहीं है। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि श्रीधर ओझा, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, ने भी संबोधित करते हुये शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से अवगत कराया और बताया कि विभिन्न योजनाओं के तहत जन्म से लेकर मृत्यु तक सरकार की योजनयें संचालित है। कार्यक्रम में धरमू राम मण्डावी, सरपंच परपा सोनादई, सोनसाय कश्यप, संतोष त्रिमाठी, जयमन शर्मा, रोहित पंत, उप सरपंच परपा सुनिता पोयाम, अर्जुन सेठिया, पंच लखन, श्याम चौधरी, उदय दुबे, अध्यक्ष भाजयूमो श्रवण ठाकुर, उमेश गुप्ता, महादेव बघेल, हरी राम यादव, पप्पू ठाकुर, वर्मा पुजारी, गोपाल पटेल, राजु पोयाम, कृष्णा रायतवार, सहित सीईओ ओमप्रकाश उईके, पीएचई से श्री जैन, आरआई अर्जुन श्रीवास्तव के अतिरिक्त अन्य अधिकारी कर्मचारी गण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

डोजर का उद्घाटन

दल्लीराजहरा, 30 अप्रैल। बीएसपी राजहरा माइन्स में बीईएमएल कम्पनी की 45 बीडी 355 डोजर का उद्घाटन जीएम माईन्स मैनेजमेंन्ट सुरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। सिंह ने बताया कि नये डोजर में 546 पावर का इंजन लगा हुआ है। जो लौह अयस्क को एक जगह इकटठा काने का काम करेगा।

इस मशीन के आने बाद लौह अयस्क के प्रोडक्शन में और भी तेजी आएगी। इस दौरान डीजीएम इंचार्ज तपन सुत्रधार, डीजीएम एम एण्ड एस एसके हाटी, डीजीएम जीसी वर्मा, जयप्रकाश , महेन्द्र कुमार, बीएमएल के प्रभारी पाण्डूरंगा कोरडे, निशांत राहूल, त्रिलोक सिंह, हाशिम कुरैशी, दिलीप क्षीरसागर एवं युनियन प्रतिनिधि ज्ञानेन्द्र सिहं उपस्थित थे।

तीन दिवसीय जीवन जीने की कला सिखने प्रशिक्षण शिविर संपन्न

नारायणपुर, 30 अप्रैल। पाटलिपुत्र के राजा को राजनीति सिखाने वाले चाणक्य जैसे गुरु की अहम भूमिका रही है। वैसे ही हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन के रूप में सहयोग देने वाले अन्य महात्माओं के साथ श्रीश्री रविशंकर का भी महत्वपूर्ण योगदान है। जिनके प्रेरणा से पूरे देश को आध्यात्म से जोड़ कर सभी देशवासियों के जीवन में शांति ला सकें, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। उक्त बातें शिविर के समापन में आए मुख्य वक्ता गौतम गोलछा ने कही।

श्री गोलछा ने कहा कि ये प्रशिक्षण आश्रम अधीक्षकों के लिए है, आप सभी के ऊपर राष्ट्र के निर्माण की जवाबदारी है। क्योंकि आज के बच्चें ही भावी भारत है, प्रदेश के शिक्षामंत्री केदार कश्यप की ऊंची सोच से ही आश्रमों में पढ़ने वाले बच्चों के स्वस्थ तन, स्वस्थ मन व स्वस्थ जीवन के लिए आश्रमों के अधीक्षकों के लिए तीन दिवसीय जीवन जीने की कला सीखने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिससे अधीक्षक अपने-अपने आश्रम शालाओं सभी बच्चें शिक्षा के साथ-साथ संस्कार व योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर का भी ध्यान रख सकें। शिविरार्थी शिक्षाकों ने प्रशिक्षण में मिले अनुभव को आपस में शेयर किया व अपने जीवन में उतारने की भी बात कही। उक्त शिविर में शिक्षक के रूप में आए आर्ट आफलिविंग से ब्रज राज सिंह सुकमा व मो अमीन उला ने अपनी सेवाएं दी। उन्हें मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समापन में एमएस मसराम सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, श्री गावड़े एवं मो खालिक भी उपस्थित थे। संचालन जीपी देवांगन पीटीआई ने किया।

प्री बीएड परीक्षा में शामिल हुए 13 सौ परीक्षार्थी

छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 30 अप्रैल। छग व्यापम द्वारा प्री बीएड 3 परीक्षा केन्द्रों में सुबह 10 से सवा 12 बजे तक एवं प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन नगर के 4 परीक्षा केन्द्रों में दोपहर 2 बजे से सवा 4 बजे तक आयोजित की गई।

प्री बीएड परीक्षा में शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर परीक्षा केन्द्र में पंजीकृत 500 परीथार्थियों में से 443 उपस्थित हुए। 57 परीक्षार्थि अनुपस्थित रहे। क्राईस्ट कालेज परीक्षा केन्द्र में 500 परीक्षार्थियों में से 424 उपस्थित रहे 76 अनुपस्थित रहे। इसी तरह क्रीडा परिसर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केन्द्रों में पंजीकृत 301 परीक्षार्थियों में से 252 परीक्षार्थी उपस्थित हुउ और 49 अनुपस्थित रहे। कुल 1301 परीक्षार्थियों में से 1119 परीक्षा में शामिल हुए। 182 किसी कारणवश परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

प्री डीएलएड परीक्षा में 1809 परीक्षार्थी हुए शामिल

दोपहर 2 बजे से सवा 4 बजे तक प्री डीएलएड परीक्षा का आयोजन हुआ। शासकीय काकतीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय परीक्षा

केन्द्र में पंजीकृत 500 परीक्षार्थियों में से 434 परीक्षा में शामिल हुए 66 अनुपस्थित रहे। क्राईस्ट कालेज परीक्षा केन्द्र में 500 में से 441 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए 59 अनुपस्थित रहे। क्रीडा परिसर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 500 में से 428 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए 72 अनुपस्थित थे। इसी तरह गीदम रोड स्थित शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पंजीकृत 309 परीक्षार्थियों में से 261 परीक्षा में शामिल हुए और 48 अनुपस्थित रहे। इस तरह कुल 1809 में से 1564 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 245 अनुपस्थित रहे। परीक्षा में पूछे गये सवाल सामान्य स्तर के थे। परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र को सरल बताया। 2011 की जनगणना में भारत का साक्षरता दर क्या है, महिला पुरूष लिंगानुपात क्या है, भारत में प्रथम जनगणना कब हुइ, सबके लिए शिक्षा आन्दोलन का नेतृत्व किसके पास है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 में किस धारा के तहत माता पिता तथा अभिभावकों के कर्तव्यों का उल्लेख है, सतत तथा व्यापक मुल्याकन को किस कक्षा के लिए बंद किया गया, पानीपत के तीसरे युद्ध में मराठों ने किसके साथ युद्ध किया, भारत का प्रथम आमचुनाव कब हुआ, भारत का राष्ट्रीय जलीय पशु कौन है, कोठारी कमीशन का गठन कब हुआ जैसे प्रश्न पूछे गये थे।

बीएड व डीएलएड पाठ्यक्रम अब दो वर्षीय नियमित पाठ्यक्रम हो गया है। तथा डीएलएड परीक्षा पास करने के बाद ही बीएड की परीक्षा में शामिल हो सकेगे। इस नियम के साथ ही सामान्य वर्ग के लिए प्री डीएलएड परीक्षा में शामिल होने के लिए न्युनतम 50 प्रतिशत अंक 12 वीं की परीक्षा में होना अनिवार्य है। तथा आरक्षित वर्ग के लिए 40 प्रतिशत अंक जरूरी है।